Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

वर्ष-२६ अंक-१५ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ अगस्त २०१९ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

## फ्लेक्सी किराया खत्म करने का कोई प्रस्ताव नहीं: पीयूष गोयल

प.सू.का/नई दिल्ली। सरकार का ट्रेनों में फ्लेक्सी किराया योजना को समाप्त करने का कोई प्रस्ताव नही है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी।



रेल मंत्री ने कहा कि फ्लेक्सी किराया योजना से अधिक राजस्व अर्जित हुआ है, साथ ही फ्लेक्सी किराया वाली गाड़ियों में यात्रियों की संख्या गैर फ्लेक्सी किराया अवधि की तुलना में बढ़ी है। रेलमंत्री ने बताया कि नौ सितंबर २०१६ से राजधानी, शताब्दी एवं दूरंतो गाड़ियों में फ्लेक्सी किराया की अवधारणा शुरू हुई जिसके बाद विभिन्न फीडबैक के आधार पर समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई थी।

## उत्तर प्रदेश की २५वीं राज्यपाल बनी आनंदीबेन पटेल

रे.स.ब्यू./सूत्र.। उत्तर प्रदेश में राज्यपाल के रूप में आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को दिनांक २९.०७.२०१९ को शपथ ले ली। समारोह शुरू होने से पहले राज्यपाल ने गार्ड ऑफ ऑनर लिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। लखनऊ के राजभवन में आयोजित समारोह में उन्होंने शपथ ली। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेता पहुंचे जिन्होंने नए राज्यपाल से मुलाकात भी की। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने राज्यपाल को शपथ दिलाई।



समारोह से पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भी आनंदीबेन से मुलाकात की।

गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और मध्यप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अब उत्तर प्रदेश की २५वीं राज्यपाल बनी हैं। आनंदीबेन पटेल को सबसे बड़े राज्य की पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव भी हासिल हुआ है।




## कलम के धनी रेलकर्मियों एवं लेखकों से अपील

आपकी उत्कृष्ट रचनाओं का रेल समाचार ब्यूरो में स्वागत है। रेलों के सतरंगी कार्यक्षेत्र में जीवन के सभी पहलुओं के न जाने कितने रंग उभरते हैं, अपनी लेखनी उठाइए और उन्हें कागज पर प्रस्तुत कर डालिए। आपके कार्यक्षेत्र में न जाने कितना रोचक, प्रशंसनीय कार्य भी घटित हुआ हो सकता है, ऐसे प्रसंग हमें भेजिए, हम उन्हें सहर्ष प्रकाशित करना चाहेंगे। मंडलों के उल्लेखनीय कार्यकलापों को भी हम प्रकाशित करना चाहेंगे।

## न्यू बोंगाई गांव-अगथोरी रेल लाइन दोहरीकरण को मंत्रिमंडल की मंजूरी

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक समिति ने असम में उत्तर-पूर्व फ्रंटियर रेल की न्यू बोंगाई गांव तथा अगथोरी वाया रंगिया (१४२.९७ किलोमीटर) रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत २०४२.५१ करोड़ रुपये है। परियोजना २०२२-२३ तक पूरी होगी। इसे उत्तर-पूर्व फ्रंटियर रेल के निर्माण संगठन द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। परियोजना से पूर्वोत्तर क्षेत्र में बढ़ता यातायात सहज होगा तथा प्रस्तावित डबल लाइन सेक्शन से समय की बचत होगी। इस परियोजना से निर्माण कार्य के दौरान लगभग ३४.३१ मानव के लिए रोजगार सृजन होगा। बोंगाई गांव-अगथोरी वाया रंगिया लाइन की दोहरीकरण परियोजना बोंगाई गांव, बक्सा, बारपेटा, नलबाड़ी तथा कामरूप जिलों से गुजरेगी।

# तीन तलाक का उद्देश्य महिलाओं को न्याय सुनिश्चित करना: उपराष्ट्रपति



प.सू.का/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मुस्लिम महिला विधेयक, २०१६ को राज्यसभा द्वारा पारित किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को न्याय सुनिश्चित करना है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विधेयक पारित होना भारत के विधायी इतिहास में एक महान क्षण है। यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार विधेयक है जो मुस्लिम महिलाओं को न्याय सुनिश्चित करेगा। दिनांक ०१.०८.२०१६ को नई दिल्ली में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समानता जैसे सिद्धांतों वाले देश में यह कदम पहले ही उठाया जाना चाहिए था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की क्षमताओं में निवेश आर्थिक प्रगति को तेज करने के लिए जरूरी है। महिलाओं के ज्ञान और जागरूकता से समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत जैसा देश शिक्षा तथा महिलाओं के सशक्तिकरण को नजरअंदाज नहीं कर सकता। विशेषकर ऐसे स्थिति में जब देश ५ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट को, नायडू ने कहा कि पुरुषों के समान महिलाओं की कार्यबल में हिस्सेदारी से भारत की जीडीपी में २७ प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। यदि ५० प्रतिशत कुशल महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं, तो विकास दर १.५ प्रतिशत बढ़कर ६ प्रतिशत प्रति वर्ष हो सकता है।

महिलाओं को श्रम बल में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि खुशहाल परिवार और स्वस्थ समाज महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। हमारे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश त्यागी, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के प्राशासनिक निकाय के चेयरमैन प्रो. ब्रजेश चौधरी, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. स्वाति पाल, संकाय के सदस्य और कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

# गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने संभाला लेखा महानियंत्रक का पदभार



प.सू.का/नई दिल्ली। गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने नई दिल्ली में दिनांक ०१.०८.२०१६ को लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के रूप में पदभार संभाला हैं। गिर्राज प्रसाद गुप्ता १९८३ बैच के भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) अधिकारी हैं। इससे पहले सरकार ने इन्हें वित्ति मंत्रालय के व्यय विभाग में महानियंत्रक लेखा नियुक्त किया था। गुप्ता को केंद्र सरकार में काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने सीबीडीटी, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय में कुछ पदों पर काम किया है। गुप्ता ने राष्ट्रीय वित्तं प्रबंधन संस्थातन (एनआईएफएम) फरीदाबाद के निदेशक के रूप में भी काम किया है।

लेखा के अतिरिक्त्र महानियंत्रक के रूप में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के विकास और कार्यान्वयन के रूप में उनके काम को काफी सराहा गया है। गिर्राज प्रसाद गुप्ता प्रत्यक्ष लाभ हस्तांत्रण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा तथा भारत सरकार के अन्य वित्ती्य प्रबंधन मॉड्यूल की रीढ़ रहे हैं।

उन्होंने भूटान में संयुक्त उद्गम मेगा हाइडिल पावर प्रोजेक्ट के निदेशक (वित्त) के रूप में भी काम किया है।

# स्वतंत्रता दिवस: दिल्ली में सुरक्षा कड़ी

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस से राष्ट्रीय राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और जमीन से लेकर हवा तक किसी भी आतंकवादी हमले को आकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर में और आसपास दिल्ली पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों के हजारों जवान तैनात किए गए है।

# अमित शाह ने किया यूपी इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन




प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ में यूपी इन्वेस्टर्स समिट की दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन किया। उन्होंने ६५,००० करोड़ रुपये से अधिक की २५० परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर दिनांक २८.०७.२०१६ को अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'न्यू इंडिया' का सपना देखा है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के जीवन को छूने और भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने के लिए 'ट्रांसफार्मिंग इंडिया' के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को उद्धत किया। गृहमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा सुशासन का एक मॉडल स्थापित करके' ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की सुविधा के लिए उठाए गए सक्रिय कदमों का भी हवाला दिया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नायक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा दिनेश शर्मा, उद्योग मंत्री सतीश महाना सहित राज्य के कई मंत्री, अदानी ग्रुप एवं पेप्सीको ग्रुप के प्रतिनिधि समेत गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक स्थल अब खुलेंगे रात ६ बजे तक-प्रहलाद सिंह पटेल

प.सू.का/नई दिल्ली। संस्कृति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने घोषणा की है कि देशभर के १० ऐतिहासिक स्थलों को देखने का समय बढ़ा दिया गया है और यह स्थल प्रातः काल से रात ६ बजे तक आम जनता के लिए खुले रहेंगे।

संस्कृति मंत्री ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए इस फैसले की जानकारी दी। प्रथम चरण में जिन १० ऐतिहासिक स्थलों को चुना गया है, उनकी सूची में राजरानी मंदिर परिसर, दूल्हादेव मंदिर, खजुराहो, शेख चिल्ली मकबरा, थानेसर,सफदरजंग मकबरा, मान महल, वेधशाला आदि शामिल हैं।

# NO BILL, NO PAYMENT DRIVE LAUNCHED BY WR'S MUMBAI DIVISION



RSB/Mumbai: Mumbai Division of Western Railway has introduced "No Bill, No Payment" concept at all catering units. Every catering unit has been instructed to issue bill for every item they sell from their unit. For creating awareness amongst the passengers, announcements at regular intervals are made through Central Announcement system at all suburban stations and through station announcement system at other stations over Mumbai Division. The message of "No tips to catering staff and if no bill is given, the meal is free" is given special emphasis. Also, "No bill, No Payment" stickers have been pasted on every catering unit and posters have been displayed at prominent places at station i.e. concourse hall, booking offices etc. A team comprising of Divisional Commercial Manager (Suburban) and four commercial Inspectors inspected the suburban stations from Churchgate to Dadar on 15th July, 2019 wherein it has been found that all the catering units have installed billing machines and are issuing bills to customers. As on date, 372 catering units over Mumbai Division have installed computerised billing machines. In order to facilitate cashless transactions, 256 nos of POS machines have been installed. Moreover other digital payment modes like Bhim App, Bharat QR code, Paytm etc. are also available at catering units. Western Railway has opened a dedicated catering monitoring cell at Mumbai Central control room having cell no. 9004499733 which is manned by staff 24x7. If there are any complaints of bill being not issued then passengers can contact on this number.

सम्पादकीय

# प्लास्टिक महज़ पाबंदी

महाराष्ट्र में प्लास्टिक पर पाबंदी लगे एक साल बीते हैं. इस बीच मुंबई में लगातार बारिश के चलते आज भी जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इतनी बड़ी मात्रा में हर दिन प्लास्टिक का कचरा पैदा हो रहा है और इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक पर सिर्फ पाबंदी इस समस्या का समाधान नही है।

इससे जुड़ी पहली दिक्कत तो यही है कि पाबंदी को लागू करवाना बहुत मुश्किल काम था।

महाराष्ट्र को यह बात समझने के लिए उन १७ राज्यों से सीख लेनी चाहिए जिन्होंने अतीत में यह फैसला किया था, अगर बाजार में सस्ता विकल्प उपलब्ध हो तो लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। उदाहरण के लिए प्लास्टिक की के चम्मच वगैरह के स्थान पर बांस के साजो-सामान का इस्तेमाल किया जा सकता है, इसके साथ ही केंद्र सरकार को ऐसे विकल्पों के विकास के लिए प्रोत्साहन देने की भी जरूरत है। पर इनकी लागत ज्यादा पड़ती है। इसलिए जरूरी यह है कि इस लागत को कम किया जाए। इन उपायों के साथ बड़े उद्योगों को भी इस समस्या से निजात पाने के लिए पहल करनी चाहिए और वे अपने उत्पादों की पैकेजिंग से प्लास्टिक हटाकर यह कर सकते है।

हालांकि इससे उत्पाद की लागत कुछ बढ़ सकती है, फिर भी नागरिकों और वातावरण की सेहत के लिए ये कदम उठाए ही जाने चाहिए।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# सेवानिवृत हुए पूर्व मध्य रेल के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के वैशाली प्रेक्षागृह में भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विष्णु कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। १ अगस्त, २०१६ को विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विष्णु कुमार ने कहा कि बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पण और सहयोग की आवश्यकता होती है। टीमवर्क सही हो तो हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। असंभव सा दिखने वाला लक्ष्य भी बेहतर रणनीति और टीमवर्क के बल पर हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी संस्था भारतीय रेल के प्रति पूर्ण समर्पण तथा ईमानदारी से हमें नैतिक बल प्राप्त होता है और इसी से जीवन में खुशहाली आती है ।

कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) दिलीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में सभी मंडलों के अनेक अधिकारी और वाणिज्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ई-आफिस डिजिटलाइजेशन की ओर एक प्रयास -राजीव अग्रवाल

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक राजीव अग्रवाल ने २६ जुलाई, २०१६ को महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में आयोजित बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में ई-आफिस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि ई-आफिस से न केवल कार्य प्रणाली में कार्य कुशलता में वृद्धि एवं निस्तारण में तीव्रता आयेगी बल्कि भारी मात्रा में कागज की बचत होगी, जो पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने ई-आफिस के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने के लिये महाप्रबन्धक/रेल टेल दीपू श्याम एवं पूर्वोत्तर रेलवे के उप महाप्रबन्धक/सामान्य/ पूर्वोत्तर रेलवे आनन्द ऋशि की सराहना की ।

# बीजेपी सरकार है बेटी विरोधी सरकार- के.के. शर्मा




रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के०के० शर्मा ने कहा कि एन० सी०पी० को जन आकाक्षांओ का प्रतीक बनाया जायगा। उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार की जन विरोधी नीतियो का मुँहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में कोने-कोने से आये हुए जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को दिनांक २७.०७.२०१६ को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे जनता के दुःख दर्द को बाटना है। उनके हक की लड़ाई लड़नी है और प्रदेश में एन०सी०पी० को मुख्य विपक्षी दल का स्थान प्राप्त करना है। शर्मा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि वह विधायक सेंगर को बचा रही है, जेल में बैठकर वह अपना दरबार लगा रहा है, और वही से वादी एवं गवाहों को रास्ते से हटाने की योजना बना रहा है, पीडिता से प्रशासन द्वारा मिलने नही दिया जा रहा है।

बीजेपी सरकार पूरी तरह बेटी विरोधी सरकार है। इस अवसर पर एन०सी०पी० जिलाध्यक्षो के अलावा उमाशंकर यादव, पुष्पेन्द्र मलिक, रामसनेही मिश्र, लक्ष्मण प्रसाद त्रिपाठी, आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रयाग घाट-फैज़ाबाद पैसेंजर के समय में परिवर्तन

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिनांक ०२.०८.२०१६ से ५४३७३ प्रयाग घाट-फ़ैज़ाबाद पैसेंजर रेलगाडी के आगमन समय में संशोधन करने का निर्णय किया है :- ५४३७३ प्रयाग घाट-फ़ैज़ाबाद पैसेंजर रेलगाड़ी दिनांक ०२.०८. २०१६ से प्रयाग घाट से सुबह ०६. ३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन दोपहर १२.४० बजे के स्थान पर दोपहर १२.०० बजे फ़ैज़ाबाद पहुँचेगी। ५४३७३ प्रयाग घाट-फ़ैज़ाबाद पैसेंजर रेलगाड़ी के आगमन समय में परिवर्तन के चलते इस रेलगाड़ी के मार्गस्थ स्टेशनों में भी तदनुसार परिवर्तन होगा।

# नाश्ता नहीं करने से बढ़ती है जंक फूड की ललक

सुबह क नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण भोजन होता है। हालिया शोध बताते है कि यदि सुबह नाश्ता नहीं किया गया है तो दिन में जंक फूड जैसी उच्च कैलोरी वाली चीजों के प्रति ललक बढ़ती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि वजन घटाने के चक्कर में भोजन छोड़ने वाले लोगों की परिणति दीघ्रकाल में अधिक वजन बढ़ने के रूप में होती है। हालांकि, ऐसा क्यों होता है अभी तक इसका पता नहीं लगाया जा सकता है। समाचारपत्र गार्जियन की खबर के मुताबिक इंपीरियल कॉलेज लंदन में एमआरसी क्लीनिकल साइंस सेंटर के शोधकर्ता टोनी गोल्डस्टोन ने नाश्ता नहीं करने वाले लोगों के मस्तिष्क का स्कैन किया और पाया कि लंबे समय तक भोजन नहीं करने के बाद भोजन मिलने पर मस्तिष्क का एक हिस्सा अधिक कैलोरीयुक्त भोजन खाने की ललकपैदा करता है। गोल्डस्टोन ने बताया कि नाश्ता नहीं करने के चलते ये लोग भूखे थे और उन्होंने उच्च कैलोरी वाले भोजन को अधिक वरीयता दी।

# नकली दवा बेचने पर फर्म पर मुकदमा

रे.स.ब्यू./सूत्र. कानपुर में नकली दवाओं के मामले में रुड़की, हरिद्वार की एक फर्म मेसर्स वैष्णव रेमेडीज के मालिक समेत पांच अधिकारियों के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक कानपुर में किदवईनगर के डिस्ट्रीब्यूटर के पास से इस फर्म की बर्नी ११ दवाओं के नमूने भरे गए थे, जांच में सभी नमूने फेल हो गए हैं।

इन दवाओं में एंटी बायोटिक, एंटी एलर्जिक, बच्चों के सिरप आदि दवाएं शामिल हैं, जिसमें संदिग्ध सॉल्ट के अलावा और दवाओं के नमूने लिए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में रिपोर्ट आई तो सभी नमूने फेल पाए गए। इनमें मीडे, केमोनैक, फैक्सी, जिपलेट, बाइक्सेट, यूजीमक्स, आदि दवाएं हैं। जांच में पता चला कि सारे उत्पाद रुड़की की कंपनी के हैं। कंपनी के मालिक, केमिस्ट आदि पांच अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आजम खान का सदन में प्रवेश हो प्रतिबंधित- सिद्धार्थनाथ



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। लोकसभा की पीठासीन सभापति रमा देवी पर की गई सांसद आजम खान की टिप्पणी पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री ने हमला बोला। शनिवार दिनांक २७.०७.२०१६ को प्रयागराज में प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि आजम खां द्वारा की गई टिप्पणी के लिए माफी काफी नहीं है। इसके लिए उन्हें दंडित किया जाना चाहिए, और किसी भी सदन में प्रवेश को प्रतिबंधित करते हुए आजम की सार्वजनिक रूप से भर्त्सना भी की जानी चाहिए। रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में सिद्धार्थनाथ ने कहा कि आजम को लगता है कि कानून के हाथ बहुत छोटे हैं। वह उन तक नहीं पहुंचेंगे। इसलिए वह इस तरह के भूमाफिया वाले कार्यो को अंजाम दे रहे थे। क्योंकि इस तरह की हरकतें वे पहले भी कर चुके हैं। वह यह नहीं समझ पाए कि कानून के हाथ लंबे होते हैं जो देर से ही सही, लेकिन उन्हें पकड़ेंगे जरूर।

उन्होंने पूर्व सीएम अखिलेश यादव और आजम खान को एक ही थाली का चट्टा-बट्टा बताया।

## कारगिल दिवस पर शहीदों को किया याद

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। ऑपरेशन विजय की २० वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना के पूर्व उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सब एरिया मुख्यालय में विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जीओसी पूर्व यूपी एवं एमपी सब एरिया मेजर जनरल अनिल द्विवेदी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए वीरगति प्राप्त जवानों की शहादत को नमन किया। जिसमें स्कूली बच्चों ने भी शिरकत की।

## सेवानिवृत हुए अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर अनिल कुमार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मुख्यालय में दिनांक ०७ अप्रैल २०१५ से मुख्य संरक्षा अधिकारी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर तथा अपर महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ रहे। दिनांक ३१ जुलाई, २०१६ को अपने ३६ साल की रेलवे की उत्कृष्ट सेवा के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। दिनांक ३१ जुलाई, २०१६ को मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक सभागार में आयोजित समारोह मे अनिल कुमार का सुखबीर सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

इसके साथ ही अनिल कुमार, अपर महाप्रबंधक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे आफिसर्स एसोसिएशन एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन ने भी उन्हे समारोह आयोजित कर विदाई दी।

## स्कूल,कोचिंग को पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश- जिलाधिकारी प्रयागराज



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संगम सभागार में स्मार्ट सिटी की बैठक की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नगर) ए.के. कनौजिया, एस.पी. यातायात कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त (प्रथम) अमरेन्द्र वर्मा, तथा मुख्य चिकित्साधिकारी जी.एस. बाजपेयी के साथ निजी हास्पिटल के संचालकगण मौजूद थें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने सभी हास्पिटल के प्रबन्धको को बताया कि हास्पिटल के पास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, सड़क के किनारे या सड़क पर कोई भी वाहन खड़ी नही किया जायेगा, पार्किंग की जगह चिन्हित कर उसमें कितने वाहनो की पार्किंग की जा सकती है।

जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने सभी होटलों, स्कूल, कोचिंग सेन्टरो तथा व्यपारियों से भी इसी तरह की व्यवस्था करने के निर्देश दिये, बैठक के दौरान बताया कि अनावश्यक सड़क पर वाहन खड़ी करके जाम की स्थिति पैदा न करें।

## स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

१५ अगस्त १९४७ एक ऐसी तिथी है जिसे हमारे इतिहास में सवर्णिम अक्षरों से लिखा गया है। ऐसा दिन जब भारत आज़ाद हुआ, अंग्रेज़ भारत छोड़ने पर मज़बूर हो गये थे और दो सौ साल कि गुलामी से आज़ादी मिली थी, तो जश्न भी उतना ही बड़ा होना था और शायद यही वजह है कि आज भी हम इसे उतने ही धूम-धाम से मनाते हैं।

अंग्रेजों के भारत पर कब्जे के बाद हम अपने ही देश मे गुलाम थे। सबकुछ हमारा था जैसे कि धन, अनाज, ज़मीन परंतु अब किसी पर हमारा अधिकार नहीं था। वे मनमाना लगान वसूलते और जो मन उसकी खेती करवाते जैसे की नील जैसे नकदी फसल। ऐसा खास तौर पर बिहार के चंपारण में देखा गया।

हम जब भी उनका विरोध करते हमें उससे भी बड़ा जवाब मिलता, जैसे कि जलियांवाला बाग हत्याकांड। साइमन कमीशन के विरोध में सब शांतिप्रिय तरीके से विरोध कर रहे थे, लेकिन इसी बीच अंग्रेजों ने लाठी चार्ज शुरू कर दिया और इसमे लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई। इससे आहत होकर भगत सिंह, सुख देव, राजगुरु ने सांडर्स की हत्या कर दी और बदले मे इन्हे फ़ांसी की सजा हुई और वे हंसते-हंसते फ़ासी की तख्त पर चढ़ गये। प्रतारण की कहानियों की कमी नहीं है और न ही कमी है हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साहस की। अंग्रेजों ने हमें शारीरिक, मानसिक हर तौर से प्रताड़ित किया।



इस दौरान कई युद्ध भी हुए, जिसमें सबसे प्रमुख था द्वितीय विश्व युद्ध, जिसके लिए थोक के भाव में भारतियों की सेना में जबरन भर्ती की गयी।

भारतीयों का अपने ही देश में कोई अस्तित्व नहीं रह गया था, अंग्रेजों ने जलियांवाला बाग जैसे नरसंहार को भी अंजाम दिया और भारतीय केवल उनके दास मात्र बन के रह गए थे। इस संघर्षपूर्ण वातावरण के बीच २८ दिसम्बर १८८५ को ६४ व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की स्थापना की गयी। जिसमे दादा भाई नौरोजी और ए ओ ह्यूम की महत्वपूर्ण भूमिका रही और धीरे-धीरे क्रान्तिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया जाने लगा, लोग बढ़ चढ़कर पार्टी में भाग लेने लगे।

पूरा देश एक जुट हुआ तब जाकर ये सपना साकार हुआ। हां कुछ प्रमुख देश भक्त ज़रूर थे जिन्हें नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता जैसे की भगत सिंह, सुखदेव, राज गुरू जिन्हें फांसी हुई, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस इत्यादि। महिलाएं भी इस काम में पीछे न थीं, जैसे कि एनी बेसेंट, सरोजिनी नायडू व कई अन्य। इसलिए स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इस मौके पर सारे स्कूल, कॉलेज, कार्यालय सब बंद रहते हैं।

यह एक ऐसा पर्व है जिसे पूरा देश एक जुट हो के मनाता है, बस सबके ढ़ंग अलग-अलग होते हैं। यह पर्व हमें अमर वीरों के बलिदान के साथ-साथ इतिहास को न भूलने का स्मरण कराता है, ताकी दोबारा किसी को व्यापार के बहाने शासन का मौका न दिया जाए और आज के युवा पीढ़ी का परिचय उनके गौरवपूर्ण इतिहास से कराया जाता है। भले ही स्वतंत्रता दिवस मनाने के सबके तरीके अलग हों, मकसद एक ही होता है। सब मिल-जुल कर एक दिन देश के लिए जीते हैं, स्वादिष्ट पकवान खाते हैं और मित्रों को मुबारक बाद देते हैं।

सदियों की परीतंत्रता के बाद १५ अगस्त १९४५ को जब भारत स्वतंत्र हुआ तो भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उस दिन लाल किले के प्राचीर पर तिरंगा फहराया था तब से हर वर्ष लाल किले पर इस दिन प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। झंडे को २१ तोपों की सलामी दी जाती है एम रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। प्रधानमंत्री झंडा फहराने के बाद देश के सभी नागरिकों को संबोधित करते हुए भाषण भी देते हैं। सलामी के बाद प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित करके देश में वर्ष भर की योजनाओं कार्यक्रमों उपलब्धियों आदि के विषय में बताते है।

सड़क के किनारे पेड लगाइये
यात्रा को और सुखद बनाइये

# भारतीय रेल का पहला "शून्य स्क्रैप वर्कशॉप" हुआ महालक्ष्मी ईएमयू कारखाना

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेलवे बोर्ड के सदस्य सामग्री प्रबंधन वी.पी. पाठक और अतिरिक्त सदस्य (एमएम) ओ. पी. खरे ने २० जुलाई, २०१६ को महालक्ष्मी में पश्चिम रेलवे के ईएमयू कारखाने का दौरा और निरीक्षण किया तथा महालक्ष्मी एमयू कारखाने को भारतीय रेलवे का "पहला शून्य स्क्रैप कारखाना" घोषित किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी रविंद्र भाकर के अनुसार रेलवे बोर्ड के सदस्य सामग्री प्रबंधन वी.पी. पाठक ने अतिरिक्त सदस्य ओ. पी. खरे और पश्चिम रेलवे के प्रिंसिपल चीफ मैटेरियल्स मैनेजर जे. पी. पांडेय के साथ महालक्ष्मी ईएमयू कारखाने का दौरा किया, जिसमें उन्होंने शॉप्स का निरीक्षण किया और सामग्री के स्क्रैप और स्टैकिंग के निपटान में कार्यशाला द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। २०१८-१६ के दौरान, वर्कशाप ने ४५०.०६६ MT फेरस स्क्रेप और ७७ पुराने EMU कोच का निस्तारण किया, जबकि वर्तमान वर्ष में १५० MT और १२ पुराने EMU कोच के निपटान के लक्ष्य के मुकाबले २४८.०२१ MT का निपटान किया गया। पाठक ने महालक्ष्मी कारखाने द्वारा इसे शून्य स्क्रैप कार्यशाला बनाने के लिए किये गये प्रयासों की सराहना की और इस उपलक्ष्य में रु २५,०००/- के पुरस्कार की घोषणा की।

# 40 persons arrested for pulling Alarm Chain

RSB/Maligaon: Railway Protection Force (RPF) of N.F. Railway rescued as many as 17




minor boys and girls from different stations/trains during the week from 1st July to 7th July, 2019 before the children could be lured by anti-social elements. During this period, RPF has successfully arrested 2 criminals who were involved in various types of crimes against railway passengers, 1 person with contraband goods, 1 person involved in touting activities and 40 persons were also arrested for pulling Alarm Chain of passenger trains without any reason. RPF of Guwahati on July 2, 2019 during checking in train No. In one such case, on July 3, 2019, CPDS RPF of Hojai, during routine checking at Hojai Railway station, apprehended 2 persons involved in theft of passenger belongings with recovery of 3 mobile phones stolen from the passengers from their possession. In another incident on July 4, 2019, CPDS team of Rangiya and RPF of Barpeta Road while conducting drive against touting activities at Sorbhog booking counter apprehended 1 person with recovery of 4 Railway tickets valued at Rs. 9 thousand and cash Rs. 19.5 thousand.

# उत्तर मध्य रेलवे यांत्रिक विभाग के कर्मचारी हुए सम्मानित

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सूबेदारगंज में दिनांक १७.०७.२०१६ को वर्ष २०१८-१६ के दौरान यांत्रिक विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीनों मंडलों इलाहाबाद, झांसी एवं आगरा, तीनों कारखानों-वैगन मरम्मत कारखाना झांसी, कोच एम.एल.आर. कारखाना, झांसी एवं रेल स्प्रिंग कारखाना ग्वालियर, में कार्यरत ६० कर्मचारियों को प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर,कुंदन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने उत्तर मध्य रेलवे यांत्रिक विभाग की वर्ष २०१८-१६ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए रेलवे की संरक्षा एवं विश्वसनीयता, बढ़ाने के साथ-साथ यात्री सुविधा से संबंधित कार्यो के निष्पादन की गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होनें कर्मचारियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डी. के.नायक मुख्य कारखाना इंजीनियर, ए.के. द्विवेदी, मुख्य चलशक्ति इंजीनियर, सूरज प्रकाश मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ योजना सहित मंडलों एवं मुख्यालय के यांत्रिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओ.पी. सिंह सचिव/प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने किया।

# ट्रेनों से पार्सल माल चोरी में दो युवक धराए

रे.स.ब्यू./सूत्र.आगरा। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की स्पेशल टीम ने आगरा में सोमवार दिनांक २६.०७.२०१६ को पार्सल लीज की चोरी में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछ-ताछ पर दुकान से चोरी के ७६ लैपटॉप और कम्प्यूटर पार्टस बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब १३ लाख रुपये आंकी गई है।

गिरोह को पकड़ने के लिए आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आगरा के दिशा निर्देशन में टीम गठित की गई थी।

# ६४वें राष्ट्रीय पुरस्कार में पुरस्कृत अधिकारी मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सम्मानित



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। ६४वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह एवं रेल मेला २०१६ समारोह का अम्बाला में आयोजन किया गया जिसमें कुम्भ-मेले के आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न व अप्रतिम योगदान प्रदान करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित किए गए।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के कुल २१ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में दिनांक २३.०७.२०१६ को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ द्वारा अंबाला में पुरस्कृत किये गए सभी अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक एनामुल हक ने मंडल रेल प्रबंधक महोदय को पुष्पों की माला पहना कर पुरस्कार पाने की बधाई दी। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने सभी पुरस्कृत अधिकारियों को माला पहना कर सम्मानित किया।सम्मानित करते हुये मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों को बधाई दी एवं उनके द्वारा कुम्भ के दौरान किये गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की तथा भविष्य में ऐसे ही कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर पुरस्कृत होने वालों इलाहाबाद मंडल के तत्कालीन अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मनु प्रकाश दुबे, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय अतुल गुप्ता, तत्कालीन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अजीत कुमार सिंह, मंडल इंजीनियर आईपीएस यादव, कार्यकारी इंजीनियर जे एस तापड़िया, मुख्य डेपो अधिकारी राहुल चौधरी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दिक्षित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर सामान्य पीके यादव, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर हिमांशु चतुर्वेदी को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया।

हिन्दी भाषा मेल-मिलाप की भाषा
हिन्दी भाषा हम सब की भाषा

# मिनी कुंभ जैसा होगा माघ मेला


रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। जनवरी से लगने वाले माघ मेला को मिनी कुंभ बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में सिविल सैन्य समन्वय समिति की दिनांक २२.०७.२०१६ सोमवार को सर्किट हाउस में हुई बैठक में आयोजन का खाका खींचा गया। वहीं अशोक कुमार कनौजिया एडीएम सिटी को वरिष्ठ प्रभारी माघ मेला बनाया गया है। पीडीए के सचिव दयानंद को सेनिटेशन का प्रभारी बनाया गया है और एसएलओ अनिल चतुर्वेदी को कनिष्ठ सहायक की जिम्मेदारी सौपी गई है। बैठक में मुख्य रूप से मेला क्षेत्र की सफाई, अन्य तैयारियों के साथ पार्किंग को लेकर चर्चा हुई। कुंभ के दौरान विकास योजनाओं के लिए कई जगहों पर सेना की जमीन ली गई है।इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों के लिए भी सेना की जमीन ली जानी है। बैठक में सेना से संबंधित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

# प्रयागराज में जल्द शुरू होगा नाईट मार्केट

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। लंबे इंतजार के बाद शहर में नाइट मार्केट जल्द शुरू हो जाएंगे। जिसके लिए कमिश्नर डा. आशीष कुमार गोयल ने स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ नगर आयुक्त डा. उज्वल कुमार को निर्देशित किया कि पार्कों के सुंदरीकरण, ओपेन एयर जिम आदि के लिए स्थल चयन का काम जल्द पूरा कराने पर ज़ोर दिया। अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके तुरंत बाद इसे गुलजार करने पर जोर है। स्मार्ट सिटी कंपनी की समीक्षा बैठक में कमिश्नर डा. आशीष कुमार गोयल ने स्मार्ट सिटी द्वितीय चरण के प्रस्तावित कार्यों को तेज गति से कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी भानुचंद गोस्वामी के साथ विभिन्न विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# इलाहाबाद-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच तीसरी रेल लाइन को मंजूरी

प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सघन रेल यातायात वाले इलाहाबाद और मुगलसराय (अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन) रेलमार्ग पर १५० किलोमीटर लंबी तीसरी रेललाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दिनांक १७.०७.२०१९ को इसका अनुमोदन किया। कुल २६४९.४४ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना २०२३-२४ तक पूरी हो जाएगी। परियोजना का क्रियान्वयन उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन द्वारा किया जाएगा।परियोजना



भविष्य में बढ़ने वाले रेल यातायात के साथ सहजता से निपटने तथा इसके लिए आवश्यक क्षमताओं की कमी को दूर करने में मददगार होगी। वर्तमान में इस रेलमार्ग पर यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों पर क्षमता से अधिक दबाव है जिसके कारण कई बार गाड़ियों की आवाजाही में देरी होती है। रेलगाड़ियों के परिचालन में होने वाली देरी को दूर करने तथा भविष्य में बढ़ते रेल यातायात से निपटने में सहायक होगी। इलाहाबाद और मुगलसराय के बीच तीसरी रेललाइन बनने से इस रेलमार्ग पर नैनी के समीप छिवकी में रेलगाड़ियों के जमाव को कम किया जा सकेगा, जिससे राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाले प्रमुख रेलमार्ग पर यात्री और मालगाड़ियों का समय पर परिचालन किया जा सकेगा। परियोजना की निर्माण अवधि में ३६ लाख कार्य दिवस के प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर दो लाख पौधे लगाएगा नगर निगम

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रयागराज नगर निगम शहर में



अभियान चलायेगा,जिसमें दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसके लिए शहर वासियों को वृक्ष मित्र बनाया जाएगा। जो पौधे लागाएंगे और उनकी देखभाल का संकल्प भी लेंगे। महापौर वृक्ष मित्रों को सम्मानित भी करेंगे। पौधरोपण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है,साथ ही मंत्री, सांसदों और विधायकों के साथ प्रतिष्ठानों, व्यापारियों से टीगार्ड देने का अनुरोध भी किया गया है। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बताया कि स्टांप मंत्री और शहर दक्षिणी के विधायक नंद गोपाल गुप्ता नंदी और विधायक उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेयी ने विधायक निधि से पांच-पांच लाख रुपये टीगार्ड के लिए दिए हैं, और भी प्रतिनिधियों ने इस कार्य में टीगार्ड का सहयोग करने का भरोसा दिया है।

# यूटीएस एप उपभोगकर्ताओं की संख्या में २५० प्रतिशत की वृद्धि

रे.स.ब्यू./सूत्र। पश्चिम रेलवे ने गैर उपनगरीय के साथ-साथ उपनगरीय स्टेशनों के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप की सुविधा उपलब्ध कराई है। वर्ष २०१९-२० (जून तक) इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की आलोच्य अवधि की तुलना में २५० प्रतिशत अधिक है। जिसके फलस्वरूप ७.२५ करोड़ रु. की आमदनी दर्ज की गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी रविंद्र भाकर के अनुसार यूटीएस मोबाइल एप की शुरुआत का मुख्य उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग मोड एवं सेल्फ टिकटिंग को प्रोत्साहन देने के साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि यात्री बिना कतार के सरलतापूर्वक टिकट खरीद सकें।

# सावन मे केसरिया मय हुई काशी

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। सावन के दूसरे सोमवार और तेरस के संयोग से काशी में शिवभक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। रविवार सुबह से ही मंडुवाडीह से दशाश्वमेध घाट तक कांवरियों का हुजूम नजर आ रहा था। केसरिया वेशधारी शिवभक्तों का बम-बम, हर-हर का जयघोष हर कोई भक्ति के भाव से भर गया। विश्वनाथ मंदिर में आरती के बाद सोमवार सुबह ४ बजे आम भक्तों के लिए पट खोल दिए गए। सावन में बाबा विश्वनाथ में दर्शन पूजन के लिए कांवरिया जत्थे कई जिलों से काशी पहुंच रहे हैं।

# रेल सुरक्षा कल्याण निधि समिति की बैठक का आयोजन




रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। रवीन्द्र वर्मा, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर के सभागार में महानिदेशक, रेसुब, रेलवे बोर्ड, के द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में दिनांक २४.०७.२०१९ को सुरक्षा विभाग/पूर्व मध्य रेल के राजपत्रित अधिकारियों का आर.एस.एम.एस. के माध्यम से किए जाने वाले तकनीकी कार्यो को सुगमता एवं सक्षमता पूर्वक संपन्न किए जाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिस दौरान एस०एन०चौधरी, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, हाजीपुर,सभी मंडलों के वरि०मं०सु०आ०/मंसुआ /ससुआ, प्रधानाचार्य, रेसुब प्र०के०, मोकामाघाट तथा सभी अधिकारी तथा रेलवे बोर्ड द्वारा नामित क्रिस/नई दिल्ली के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान क्रिस के अधिकारियों के द्वारा सुरक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्य जो आर.एस.एम.एस. के माध्यम से आदान-प्रदान किये जाते है के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया।

# जयपुर-दिल्ली छावनी के बीच स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. रेलयात्रियों के सुविधा को रेलवे जयपुर तथा दिल्ली छावनी के बीच सप्ताह में ३ दिन चलने वाली स्पेशल रेलगाड़ी संख्या ०९७३१/०९७३२ का संचालन करेगा। रेलगाड़ी संख्या ०९७३१ जयपुर-दिल्ली छावनी स्पेशल रेलगाड़ी जयपुर से प्रातः ०७.४५ बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर ०१.२० बजे दिल्ली छावनी पहुँचेगी। वापसी दिशा में गाड़ी संख्या ०९७३२ दिल्ली छावनी-जयपुर दिल्ली छावनी से सांय ०३.२० बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात्रि ०९.२० बजे जयपुर पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या ०९७३१/०९७३२ दोनों दिशाओं में प्रत्येक मंगलवार, वीरवार और शुक्रवार को दिनांक १८.०७.२०१९ से लेकर ३०.०८.२०१९ तक चलेगी। एक वातानुकूलित ३ टीयर, तीन शयनयान श्रेणी, दो सामान्य श्रेणी, एक वातानुकूलित कुस यान, तीन कुर्सीयान के डिब्बों वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में गाँधीनगर जयपुर, गिटोर जगतपुरा, दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी तथा गुडगांव स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# New SDGM assumes charge

RSB/Chennai: Ms. Bhooma G.Veeravalli, assumed charge as the new Senior Deputy General Manager & Chief Vigilance Officer of Southern Railway on 22nd July, 2019. An Indian Railway Personnel Service (IRPS) Officer of 1987 batch, Ms. Bhooma G.Veeravalli has worked in W.Railway, South Eastern Railway, South Central Railway, Southern Railway and Integral Coach Factory, Chennai in various capacities earlier.Prior to joining Southern Railway, Ms.BhoomaG.Veeravalli worked as DRM of Guntur Division, SCR. During her tenure, she spearheaded Railway Electrification of all mainline routes in Guntur Division. Holding a Masters Degree in Industrial Psychology and Bachelor's Degree in Law,Ms. Bhooma has also worked on deputation as Controller, Sathish Dhawan Space Centre, Indian Space Research Organisation (ISRO) and as Registrar, Indian Institute of Technology (IIT), Madras.



## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

# सोनभद्र काण्ड में भाजपा सरकार है जिम्मेदारः अखिलेश यादव



रे.स.ब्यू./सूत्र.सोनभद्र की ग्राम सभा मूर्तिया में हुए नरसंहार की जांच के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार का लोकतंत्र विरोधी आचरण बताया है।

उन्होने कहा है कि भाजपा के इसकृत्य से साबित कर दिया है कि वह जनभावनाओं के प्रति कितनी संवेदनहीन है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार अपनी अक्षमताओं पर पर्दा डालना चाहती है। अखिलेश ने बयान में कहा कि सोनभद्र के नृशंस हत्याकांड के लिए जिला व पुलिस प्रशासन तथा भाजपा सरकार जिम्मेदार हैं। उन्होने कहा कि सपा का डेलीगेशन हत्याकाण्ड के पीछे की सच्चाई जानना चाहता था।

# महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे ने किया ई-आफिस का उद्घाटन

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक




राजीव अग्रवाल ने २६ जुलाई, २०१६ को महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में आयोजित बैठक में पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में ई-आफिस का उद्घाटन किया।


इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक आनन्द प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण सुधांशु शर्मा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीश कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक आलोक सिंह, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ए.के.पाण्डेय, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्रीकान्त सिंह, प्रधान वित्त सलाहकार एन.पी.पाण्डेय, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर बेचू राय, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक आर.के.यादव, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन नुरूद्दीन अंसारी, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, महाप्रबन्धक के सचिव डी.के.खरे, उप महाप्रबन्धक/सामान्य आनन्द ऋशि श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक/रेलटेल दीपू श्याम सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राजीव अग्रवाल ने कहा कि आज के तकनीकी युग में हमें निरन्तर अद्यतन बने रहने की कोशिश करनी चाहिये। ई-आफिस इसी क्रम में डिजिटलाइजेशन की ओर एक प्रयास है।

उप महाप्रबन्धक/सामान्य आनन्द ऋषि श्रीवास्तव ने बैठक में उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पी. एस. मिश्रा ने संभाला सदस्य यातायात का कार्यभार

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के १६८२ बैच के अधिकारी पूर्णेन्दु एस. मिश्रा ने रेलवे बोर्ड के नए सदस्य यातायात (एमटी) और सरकार के पदेन सचिव का १७ जुलाई को कार्यभार संभाल लिया। इस पद को संभालने से पूर्व श्री मिश्रा दक्षिण-पूर्व रेलवे और पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक थे। श्री मिश्रा विभिन्न क्षमताओं जैसे महाप्रबंधक (पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर), प्रमुख कार्य प्रबंधक (पश्चिम रेलवे, मुम्बई), सलाहकार (सुरक्षा), कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट समन्वयक), रेलवे बोर्ड, डिवीजनल रेलवे प्रबंधक (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर) और मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक (दक्षिण पूर्व रेलवे) में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा श्री मिश्रा पूर्व तटीय रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य माल ढुलाई प्रबंधक, मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक और मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक रह चुके हैं।



श्री मिश्रा विदेश में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल हो चुके हैं। इनमें पीट्सबर्ग अमेरिका में एडवांस्ड लीडरशिप प्रोग्राम और एडवांस्ड स्ट्रेटेजी मैनेजमेंट प्रोग्राम शामिल है। श्री मिश्रा की खेलों और कल्याणकारी कार्यों में काफी रूचि है।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य- सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# इलाहाबाद मंडल में १४१ कर्मचारी हुए सेवा निवृत्त



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनांक ३१.०७.२०१६ को कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर समापन भुगतान समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने किया। इलाहाबाद मंडल में जुलाई माह में १४१ कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व के फलस्वरूप सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को सेवा माह के अन्तिम दिन ही गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल, मानार्थ पास, मेडिकल कार्ड एवं समापन भुगतान का विवरण दिया जाने लगा है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक ने अपने संबोधन में सेवा निवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के कार्यो की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता तथा सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे, मंडल वित्त प्रबन्धक श्री एम० एच० अन्सारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदी के प्रचार-प्रसार को प्रतियोगिताओं का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। २६ जुलाई, २०१६ मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक शशिप्रकाश द्विवेदी के दिशा-निर्देश में जोनल रेल कार्यालय में प्रथम दौर की मुख्य हिंदी प्रतियोगिताएं हिंदी निबंध, हिंदी टिपपण एवं प्रारूप लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन जोनल सभाकक्ष में किया गया। इस आयोजन का समन्वय जोन के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने किया। प्रथम पाली में हिंदी प्रारूप लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के कुल २७ कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। हिंदी निबंध का विषयः रेल कार्यालयों में राजभाषा '' हिंदी के कियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं इसे कारगर बनाने के उपाय.'' तथा '' स्वच्छता अभियान का परिणाम एवं आम नागरिकों में जागरूकता।'' रखा गया था।

एक दिवसीय प्रतियोगिता कार्यक्रम के इस आयोजन की दूसरी पाली में वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषयः '' मेरे विभाग में राजभाषा हिंदी प्रयोग की स्थिति एवं इस हेतु मेरा दायित्व.'' तथा ''पर्यावरण को संवारने व स्वच्छता रखने में जन-जन का उत्तरदायित्व '' रखे गये थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर हिमांशु जैन, सचिव/महाप्रबंधक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार एवं उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (सा) श्रीमती शिवरंजनी पोपली वर्मा रहे जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगियों के विचार को सुनकर उचित निर्णय लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संपर्क अभियान चलाते हुए मोटिवेशन का कार्य किया।

# नहीं रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक रहे प्रो. मिश्र

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शिक्षक रहे प्रो. सूर्य नारायण मिश्र का दिनांक २८.०७.२०१६ को रविवार भोर में निधन हो गया। वह ८५ वर्ष के थे और कई दिनों से बीमार चल रहे थे। प्रो. मिश्र ने लेबर लॉ, सीआरपीसी की कई पुस्तकों एवं शोध पत्रों की रचना की थी, जिस पर कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।

प्रो. सूर्य नारायण मिश्र का अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर हुआ। छोटे पुत्र संजय मिश्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि स्थल पर न्यायमूर्ति सलिल राय, एडीसी विधि विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एमपी त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य डा.यज्ञ दत्त शर्मा, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, एआईसीसी सदस्य रामयज्ञ द्विवेदी, हरिकेश त्रिपाठी, आदि मौजूद रहे।

# रेलगाड़ियों की गति सीमा बढ़ाना पहली प्राथमिकता- सुरेश सी. अंगड़ी



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। इस वर्ष रेलवे ने ६४वें वार्षिक रेल प्रदर्शनी का आयोजन हरियाणा के मुख्यमंत्री, मनोहर लाल एवं रेल राज्यमंत्री, सुरेश सी. अंगड़ी द्वारा अम्बाला में दिनांक २१ जुलाई, २०१६ को आयोजित रेल मेला के उदघाटन के साथ किया। रेल राज्यमंत्री, सुरेश सी.अंगड़ी ने इस समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर माननीय स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, आयुष, विज्ञान एवं तकनीक, खेलकूद एवं युवा मामले एवं अभिलेखागार मंत्री, हरियाणा, अनिल विज, जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय राज्यमंत्री,रतन लाल कटारिया, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष,वी.के.यादव, रेलवे बोर्ड के सदस्यगण, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक,टी.पी. सिंह, एसोसिएशनों व फेडरेशनों के प्रतिनिधि भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने हरियाणा में चल रहे रेल कार्यों की सराहना की।रेल राज्यमंत्री सुरेश सी. अंगड़ी ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता रेलगाड़ियों की गति सीमा बढाना है और हम रेलवे के रूपांतरण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रेल परिचालन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

## यहां पूरी होती है सबकी मनोकामना

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। बलरापुर हाउस भारत स्काउट चौराहे स्थित हनुमान शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से पूजन-अर्चन करे वाले साधकों की हर मुराद पूरी होती है। मंदिर में भगवान विष्णु भी स्थापित हैं। मंदिर का मुख्य द्वार पूरब होने के साथ भगवान विष्णु और हनुमान जी का भी मुख पूरब में है। जबकि भगवान शिव उत्तराभिमुख हैं। उत्तराभिमुख शिव का विशेष महत्व है। सोमवार, मंगलवार और शनिवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है।


Heartline
Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111
● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER
22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
| --- | --- | --- |
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की पारिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी राष्ट्रीय रेल पुरस्कार से हुये सम्मानित



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर ६४वें वार्षिक राष्ट्रीय रेल पुरस्कार समारोह का आयोजन दिनांक ३० जुलाई, २०१६ को मुंबई में किया गया है। इस समारोह में संपूर्ण भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा वित्तीय वर्ष २०१८-१६ के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलवे बोर्ड चेयरमैन के द्वारा राष्ट्रीय रेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीन अधिकारियों एवं एक कर्मचारी को राष्ट्रीय रेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अधिकारियों में हिमांशु जैन, सचिव, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रायपुर एवं उदय कुमार भारती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर तथा कर्मचारी वर्ग में विनेक मेश्राम, सब इंस्पेक्टर शामिल हुए। हिमांशु जैन को हिंदी निबंध प्रतियोगिता के निबंध लेखन,विनायक मेश्राम को रेलयात्री की सुरक्षा कार्य में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।



सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०



समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा।



संस्थापक : स्व0 डॉ0 ए.के. बंसल
जीवन ज्योति हॉस्पिटल
मल्टीस्पेश्येल्टी हॉस्पिटल एण्ड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेन्टर

डॉ. वन्दना एस. बंसल
MBBS, MS, DGO, FCGP
D.Phil in IVF (Gold Medalist),
Diploma Gynaecological Endoscopic Surgery (Kiel, Germany)
बाँझपन एवं IVF विशेषज्ञा
गायनेकोलॉजिकल इण्डोस्कोपिक सर्जन
डॉ. अर्पित बंसल
MBBS, MS, FMAS, FCS, FIBC
एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक एण्ड कैंसर सर्जन, हार्निया एण्ड बैरियाट्रिक सर्जन

एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
▪ आंतों के कैंसर, ट्यूमर, सिकुड़न, गर्भाशय तथा सर्विक्स कैंसर की सर्जरी
▪ गुर्दे तथा एडरीनल ट्यूमर, गुर्दे तथा मूत्रमार्ग की पथरी, प्रॉस्टेट के ऑपरेशन
▪ पित्ताशय की पथरी, गर्भाशय निकालने के ऑपरेशन
▪ अपेन्डिक्स, हार्निया, गर्भाशय/ओवरी की गांठ/सिस्ट आदि
▪ अन्य एडवांस्ड ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
दूरबीन द्वारा बिना पेट चीरे ऑपरेशन | 24 घण्टे में अस्पताल से छुट्टी | अतिशीघ्र सामान्य दिनचर्या
अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त परखनली शिशु (IVF) केन्द्र
अब ब्लाक्ड ट्यूब्स, अधिक उम्र, बंद माहवारी, शुक्राणु विकार में टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक द्वारा गर्भधारण संभव
▪ सम्पूर्ण इलाज में गोपनीयता, प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता
▪ ख्यातिप्राप्त IVF विशेषज्ञ
▪ अन्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित केन्द्र
▪ समस्त जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा
▪ ब्लास्टोसिस्ट ट्रान्सफर
▪ स्पर्म एण्ड एम्ब्रियो फ्रीजिंग एण्ड बैंकिंग
▪ पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का उपचार
सुविधाएं
• IUI • IVF-ET (परखनली शिशु) • वीर्य एवं भ्रूण बैंक
• ICSI • IVM • IMSI • असिस्टेड लेजर हैचिंग
हेल्पलाइन नं0 : 07505554421, 09696755521, 09369694543
BARIATRIC SURGERY
मोटापा कम करने की सर्जरी
अनुभवी डॉक्टर द्वारा इलाज व सर्जरी
प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ 24 घण्टे सेवा में
आधुनिक उपकरणों से लैस ऑपरेशन थियेटर
गहन चिकित्सा एवं विशेष सुविधाएं
▪ वेन्टिलेटर युक्त ICU ▪ ट्रॉमा सेन्टर
▪ ICU, NICU एवं PICU यूनिट ▪ न्यूरो ICU
▪ 24 घण्टे इमरजेन्सी सेवा ▪ न्यूरो सर्जरी
▪ प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी ▪ कैन्सर सर्जरी
▪ जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग ▪ प्रसूति एवं स्त्री रोग
▪ गुर्दा रोग एवं हीमोडायलिसिस ▪ हार्ट केयर सेन्टर
▪ पथरी निदान केन्द्र (लियोट्रिप्सी) ▪ पीडियाट्रिक सर्जरी
▪ नाक, कान एवं गला रोग ▪ नेत्र रोग
▪ वेल वूमेन क्लीनिक
162 बाई का बाग, इलाहाबाद फोन : 2417248/52/54, 7311125113
E-mail : jeevanjyotihospital@gmail.com, arpitivf@gmail.com Website : www.jeevanjyotihospital.com, www.arpitivf.com